Print Form

न्यास पत्र का प्रारूप

न्यास की यह घोषणा आज दिनांक ________ को ________ नगर में अ, आयु 120 वर्ष, ब आयु 120 वर्ष, तथा स आयु 120 वर्ष, आत्मज द निवासी ________ द्वारा की गई।

चूंकि हमारी अ, ब एवं स के स्वामित्व की कुछ सम्पत्ति है, जिसका उल्लेख संलग्न सूची में किया गया है, एवं जो सभी प्रकार के भारों, अभिभारों एवं संधारणाधिकार से मुक्त है।

और चूंकि हमारे कोई संतान नहीं है और न ही भविष्य में होने की संभावना है तथा हमारे पास अपनी आजिविका के अन्य साधन उपलब्ध है, अतः हम उपर्युक्त वर्णित सम्पत्ति का पूर्ण एवं धार्मिक एवं लोक कल्याण प्रयोजनों के लिए न्यास स्थापित करना चाहते है।

अतएव अब यह विलेख साक्ष्यांकित है कि :–

1. हम उपर्युक्त अ, ब एवं स एतद् द्वारा यह घोषणा करते है कि संलग्न अनुसूचि में अंकित सम्पत्तियों के हम प्रथम न्यासी एवं निष्पादक है तथा हम इन्हें न्यासियों के रूप में रखेगें, प्रबन्ध करेगें तथा इनसे न्यास के उद्देश्यों को पूरा करेगें।
2. इस न्यास की स्थापना निम्नांकित पूर्त्त एवं धार्मिक एवं लोक कल्याण प्रयोजनों के लिए की गई है ________ (जहाँ उद्देश्यों का उल्लेख किया जाना है)
3. न्यास की सम्पत्ति का पूर्ण लेखा–जोखा रखा जायेगा।
4. न्यासी सम्पत्ति के रखरखाव का ध्यान रखेगें।
5. न्यास की सम्पत्ति का एकमात्र प्रयोग न्यास के तथा–कथित उद्देश्यों की पूर्ति के लिए ही किया जायेगा।
6. जहाँ किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए न्यास की सम्पत्ति का विक्रय किया जाना आवश्यक हो, वहाँ ऐसे विक्रय का निर्णय सभी न्यासियों द्वारा एकमत से किया जायेगा तथा बडी सावधानी एवं सर्तकता के साथ उक्त सम्पत्ति को ऊंची कीमत पर बेचने का प्रयास किया जायेगा।
7. किसी कारण से किसी न्यासी का स्थान रिक्त हो जाने पर न्यासी की नियुक्ति उत्तरजीवी न्यासियों द्वारा की जायेगी।

उपर्युक्त के साक्ष्य स्वरूप हम अ, ब एवं स ने आगे चलकर निम्नांकित साक्षियों के समक्ष अपने हस्ताक्षर कर दिये है।

साक्षीगण

(1) ________

(2) ________

हस्ताक्षार अ,

हस्ताक्षर ब,

हस्ताक्षर स,

(न्यासीगण)

(सम्पत्ति की अनुसूची)